2016

HINDI

(Major)

Paper : 5.1

(Hindi Ka Upanyas Sahitya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिन्दी का पहला उपन्यासकार किसे माना है?

(ख) देवकीनंदन खत्री किस प्रकार के उपन्यासकार हैं?

(ग) 'चित्रलेखा' उपन्यास का प्रकाशन काल क्या है?

(घ) 'कर्मभूमि' उपन्यास का प्रमुख पुरुष पात्र कौन है?

(ङ) फणीश्वरनाथ रेणु किस कोटि के उपन्यासकार हैं?

(च) भगवतीचरण वर्मा पर किस पाश्चात्य उपन्यासकार का प्रभाव था?

(छ) 'सुनीता' के उपन्यासकार कौन हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×4=8

(क) सुखदा कौन थी? उसकी माता का नाम बताइए।

(ख) 'चित्रलेखा' उपन्यास के दो प्रमुख नारी पात्रों के नाम तथा उनकी दो-दो विशेषताएँ बताइए।

(ग) किन्हीं दो प्रगतिवादी उपन्यासकारों के नाम बताइए।

(घ) अज्ञेय द्वारा रचित उपन्यासों के नाम लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) ऐतिहासिक उपन्यासों की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) प्रेमचंदोत्तर उपन्यासों की प्रमुख उपलब्धियों पर विचार प्रस्तुत कीजिए।

(ग) 'चित्रलेखा' उपन्यास के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

(घ) उपन्यास की परिभाषा देते हुए उसके स्वरूप का विवेचन कीजिए।

(ङ) 'कर्मभूमि' उपन्यास के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

वह अब क्रांति ही में देश का उद्धार समझता था—ऐसी क्रांति में, जो सर्वव्यापक हो, जो जीवन के मिथ्या आदर्शों का, झूठे सिद्धांतों का, परिपाटियों का अंत कर दे, जो एक नये युग का प्रवर्तक हो, एक नयी सृष्टि खड़ी कर दे, जो मिट्टी के असंख्य देवताओं को तोड़-फोड़कर चकनाचूर कर दे, जो मनुष्य को धन और धर्म के आधार पर टिकने वाले राज्य के पंजे से मुक्त कर दे।

अथवा

प्रेम का संबंध आत्मा से है, प्रकृति से नहीं। जिस वस्तु का प्रकृति से संबंध है वह वासना है, क्योंकि वासना का संबंध वाह्य से है। वासना का लक्ष्य यह शरीर है, जिस पर प्रकृति ने कृपा करके उसको सुंदर बनाया है। प्रेम आत्मा से होता है, शरीर से नहीं। परिवर्तन प्रकृति का नियम है, आत्मा का नहीं। आत्मा का संबंध अमर है।

5. 'चित्रलेखा' उपन्यास में अभिव्यक्त पाप-पुण्य संबंधी विचारों पर अपना मत व्यक्त कीजिए। 10

अथवा

बीजगुप्त का चरित्र-चित्रण कीजिए।

6. 'कर्मभूमि' उपन्यास के कथानक की समीक्षा कीजिए। 10

अथवा

अमरकांत का चरित्र-चित्रण कीजिए।

★★★